SET - II

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2016 - 2017
## Second Language - HINDI

**PART - A & B**

**Class : VIII ]** **(Max. Marks : 80)** **[ Time : 2.45 Mts.**

---

***सूचना :-*** **प्रश्न-पत्र पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय निर्धारित है । प्रश्न पत्र के उत्तर लिखने के लिए 2.30 घंटे का समय निर्धारित है ।**

***विशेष सूचना :-***

1) **भाग - A के लिए प्रश्नों के उत्तर, उत्तर पुस्तिका में लिखिए ।**

2) **भाग - A के लिए दो (2) घण्टों का समय निर्धारित है ।**

**Marks : 60 ]** **PART - A**

**I. अर्थग्राह्यता प्रतिक्रिया :**

**1. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

बैलगाडी खेतों के किनारे - किनारे चलने लगी । खेतों में किसान काम कर रहे थे । पशु चर रहे थे । गाँव की हरियाली देखने लायक थी । बातों बातों घर आ गया । दादीजी से मिले । दादी ने बहुत लाड़ प्यार किया ।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1. बैलगाडी कहाँ से चलने लगी ?
2. खेतों में कौन काम कर रहे थे ?
3. किसकी हरियाली देखने लायक थी ?
4. बातों - बातों कहाँ आ गया ?
5. दादी शब्द का लिंग बदलिए ।

**2. निम्न लिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर विकल्पों से चुनकर कोष्टक में लिखिए ।**

प्राचीन काल में राजा लोग कबूतरों के ज़रिये चिट्ठी भेजते थे । लड़ाई के समय में कबूतर लड़ाई की खबरें ले जाता था । सैकडों मील पर छोड़ आने पर भी वह अपनी जगह वापस आ जाता है । कबूतर शांति दूत समझा जाता है । भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को कबूतर बहुत पसंद था ।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1. प्राचीन काल में राजा किसके जरिये चिट्ठी भेजते थे ? [ ]

   A) तोता B) कबूतर C) कौआ D) मुर्गा

2. कबूतर कैसी खबरें ले जाया करता था ? [ ]

A) लड़ाई की B) संदेश की C) प्रेम की D) परिवार की

3. कबूतर को क्या समझा जाता था ? [ ]

A) प्रेमदूत B) वैरदूत C) देवदूत D) शांति दूत

4. भारत के प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे ? [ ]

A) गाँधी B) लालबहादुर शास्त्री
C) नेहरू D) नेताजी

5. ''प्राचीन'' शब्द का विलोम शब्द क्या है ? [ ]

A) पुराना B) नवीन C) तटस्त D) मध्य

**3. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए ।**

अगर न होता चाँद रात में
हमको दिशा दिखाता कौन ?
अगर न होता सूरज, दिन को
सोने सा चमकाता कौन ?
अगर न होती निर्मल नदियाँ
जग की प्यास बुझाता कौन ?

**प्रश्न :–** **5 x 1 = 5**

1. रात के समय हमें दिशा कौन दिखाता है ?
2. सूरज दिन में क्या करता है ?
3. नदी कैसी होती है ?
4. जग की प्यास बुझाने वाला कौन है ?
5. 'सूरज' शब्द का पर्याय शब्द क्या है ?

**4. निम्न लिखित पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर कोष्ठक में लिखिए ।**

अहा ! दिवाली, अहा ! दिवाली
खुशियाँ लेके आयी दिवाली
चमचम मन को लुभाती आयी
सारे दुःख वह भगाती आयी ।
घर आंगन चौके सज पूरे
तन मन वचन पूत हुए पूरे ।

**प्रश्न :-** **5 x 1 = 5**

1. दिवाली क्या लेके आयी ? [ ]

   A) दुःख B) सुख C) खुशियाँ D) कष्ट

2. मन को कैसे लुभाती है ? [ ]

   A) चम चम B) छम छम C) धम धम D) झम झम

3. सारे दुःख को कौन भगाती आयी ? [ ]

   A) उगादि B) संक्राति C) राखी D) दिवाली

4. पूरे तन मन वचन क्या हो गये हैं ? [ ]

   A) सूत B) पूत C) कात D) सात

5. ''खुशियाँ' शब्द का वचन बदलिये । [ ]

   A) खुशियों B) खुशीया C) खुशियाई D) खुशी

## II. अभिव्यक्ति सृजनात्मकता :-

**स्वरचना :-**

**निम्न लिखित प्रश्नों का उत्तर दो या तीन वाक्यों में लिखिए ।** **6 x 3 = 18**

5. ''कौन'' कविता के कवि के बारे में लिखिए ।

6. कामयाब होने के लिए हम क्या करना है ?

7. नदी और पर्वतों से क्या लाभ है ?

8. लुहार लोहे से क्या क्या बनाता है ?

9. राजेश को जगह पर तुम होते तो क्या करते ?

10. राजा सपना देखता था और उसे कैसे पूरा करता था ?

## III. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए । 6

11. ''विश्वास ही सफलता की कुंजी है ।'' होंगे कामयाब कविता के आधार पर लिखिए ।

12. ''प्रकृति के बिना हम नहीं जी सकते'' कौन कविता के आधार पर सिद्ध कीजिये ?

**IV. किसी एक प्रश्न का उत्तर छः या आठ पंक्तियों में लिखिए ।** **6**

13. गाँव में विविध उद्योगों के लोग रहते हैं । कुछ उद्योगों के बारे में लिखिए ।

14. ईमानदारी से बडे लोगों को भी बदल सकते हैं । यह बात ''राजा बदल गया'' पाठ से सिद्ध कीजिये ।

**V. किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए ।** **5**

15. अपने गाँव जाने के लिए तीन दिन की छुट्टी माँगते हुए प्रधानाध्यापक के नाम पर पत्र लिखिए ।

16. अपने गाँव के बारे में बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए ।

**VI. किसी एक विषय पर निबंध लिखिए ।** **5**

17. हर क्षेत्र में आज कल उपग्रहों का उपयोग किया जा रहा है ? इस विषय पर एक निबंध लिखिए ।

18. ''त्योहारों से मनोरंजन होता है ।'' इस विषय पर अपने मन पसंद त्योहार का वर्ण कीजिये ।

SET - II

# SUMMATIVE ASSESSMENT - I - 2016 - 2017
## Second Language - HINDI
## Part - B

**Class : VIII ]** **(Max. Marks : 20)**

**Name of the Student : ..................................... Roll No : ............... Section :............**

| शैक्षिक मापदंड | अर्थग्राहयता - प्रतिक्रिया | अभिव्यक्ति सृजनात्मकता | | भाषा की बात | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्वरचना | सृजनात्मकता | | |
| कुल अंक | 20 | 30 | 10 | 20 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | | |
| श्रेणी | | | | | |

***सूचना :-*** 1) **भाग - B के प्रश्नों के उत्तर, प्रश्न पत्रिका में ही लिखिए ।**

2) **भाग - B के लिए आधे ($\frac{1}{2}$) घंटे का समय निर्धारित है ।**

***विशेष सूचनाएँ :-*** 1) **सभी प्रश्नों के लिए अंक समान है ।**

2) 1 से 20 **तक प्रश्नों के उचित उत्तर सामने दिये गये कोष्ठक में लिखिए ।**

3) **काटे हुए या बदले उत्तरों को अंक नहीं दिये जायेंगे ।**

**सूचना :- निर्देश के अनुसार उत्तर दीजिए ।** **20 x 1 = 20**

1. फूल खिल रहे हैं । **(रेखांकित शब्द का अर्थ लिखिए ।)** [ ]

   A) फल B) फले C) पुष्प D) लता

2. राजा का यश चारों ओर फैल गया ।
   **(रेखांकित शब्द का अर्थ लिखो ।)** [ ]

   A) कीर्ति B) अपयश C) अयश D) अनयश

3. चारों ओर शांति रोगी । **(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखो ।)** [ ]

   A) शांतियाँ B) शांतियों C) अपशांति D) अशांति

4. रवि गाँव में रहता है । **(रेखांकित शब्द का विलोम शब्द लिखिए ।)** [ ]

   A) देश B) बस्ती C) शहर D) घर

5. आकाश में तारा चमकता है ।
**(रेखांकित शब्द का वचन बदलो ।)** [ ]

A) तारों B) तारी C) तारियाँ D) तारे

6. निम्न में से बेमेल शब्द पहचानिये । [ ]

A) तारा B) सूरज C) चाँद D) पेड

7. निम्न में से सही वर्तनी पहचानिये । [ ]

A) आकरमण B) आक्रमण C) आकम्रण D) अक्रमण

8. 'अठारह' अंकों में लिखिए । [ ]

A) 18 B) 16 C) 20 D) 13

9. '11' अक्षरों में लिखिए । [ ]

A) बारह B) ग्यारह C) पंद्रह D) बीस

10. बालक स्कूल जा रहा है । **(रेखांकित शब्द का लिंग बदलो ।)** [ ]

A) बालिका B) बालीका C) बालके D) बालकी

11. पेड़ पर फल हैं । **(वचन बदलिये ।)** [ ]

A) पेड़ों B) पेड़ी C) पेड़ D) पेड़ा

12. हम कलम ______ लिखते हैं । **(सही कारक पहचानिये ।)** [ ]

A) से B) में C) के D) का

13. सीता गीत गाती है । **(संज्ञा शब्द पहचानिये ।)** [ ]

A) गीत B) गाती C) सीता D) है ।

14. हमारा भारत महान् है । **(सर्वनाम शब्द पहचानिये ।)** [ ]

A) हमारा B) भारत C) है D) महान्

15. स्वाति सुंदर लड़की है । **(विशेषण शब्द पहचानिये ।)** [ ]

A) लड़की B) स्वाति C) है D) सुंदर

16. किसान खेत में काम करता है । **(क्रिया पहचानिये ।)** [ ]

A) खेत में B) किसान C) करता है D) काम

17. वह तेजी से गडो चलाता है । (रेखांकित शब्द क्या है ?) [ ]

A) विशेषण B) संज्ञा C) क्रिया D) क्रियाविशेषण

18. मैं राजा हूँ राजा ! (रेखांकित चिहन् को क्या कहते है ।) [ ]

A) पूर्णविराम

B) अर्धविराम

C) विस्मयादि बोधक

D) अल्प विराम

19. निम्न लिखित वाक्यों में शुद्ध रुप पहचानिये । [ ]

A) राम और लक्ष्मण स्कूल जाते हैं ।

B) राम और लक्ष्मण स्कूल जाती है ।

C) राम और लक्ष्मण स्कूल जाता है ।

D) राम और लक्ष्मण स्कूल जाति हैं ।

20. निम्न लिखित वाक्यों में से सही क्रम वाक्य पहचानिये । [ ]

A) पानी है देती नदी । B) नदी पानी देती है ।

C) है पानी देती नदी । D) देती है नदी पानी ।